राज्य की समस्त आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पालकों का क्षमता विकास कर उनके माध्यम से प्रत्येक शिशु के उचित देखभाल एवं लालन-पालन के साथ खेल-खेल में शिक्षा के माध्यम से मस्तिष्क की क्षमता का पूर्ण उपयोग करते हुए पाँचों विकास (संज्ञानात्मक, व्यक्तिगत सामाजिक एवं संवेगात्मक, शारीरिक, भाषायी एवं सृजनात्मक विकास) के अवसर प्रदान कर, आत्मविश्वासी मानव बनाने के नींव रखना।

unicef

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

ECCE

उड़ान

मॉनीटरिंग संदर्शिका



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् शंकर नगर रायपुर

गीत

आओ मिलकर सृजन करें,
जीवन में आंनद भरें।
सपनों के इस आसमान में,
पंखो से उड़ान भरें।
ऊँचे सपने हम सब चुनें,
आसमान को मंजिल चुनें।
विश्वासो के इस डगर पर,
जग से आगे हम चलें।

शिशुओं के इस अंर्तमन में,
नवसृजन की हैं तरंगे।
ऊर्जा के ये गहरे सागर
इनमें ज्ञान-विज्ञान भरें।
असीमित क्षमता है इनमें,
दिल से हम स्वीकार करें।
धरती के इन तारों के संग,
ऊँची एक उड़ान भरें।

योगिता रानी साहू

Front

गीत

आओ हम, सृजन करें, इस जीवन का, आनंद का, नौनिहालों का।

1. ऊँचे सपनों के पथ पर,
विश्वासों की डगर पर,
अरमानों की दुनिया में,
करना है हमें लंबा सफर,
हास मिले या त्रास मिले,
सामने सबके मुस्कायें,
सागर की लहरों से,
ऊँचे उठते जायें,

आओ हम, उड़ान भरें, इन बातों का, कल्पनाओं का, इन सपनों का।
आओ हम, सृजन............

2. शिशु मन जो गढ़ता है,
हर पल उड़ान भरता है,
छोटी सी ऐ जान,
बनोगे अब पहचान,
तुममें है सब ज्ञान,
तुम्हीं भरोगे उड़ान,
तुम्हीं हो विज्ञान,
बनोगे नई पहचान,

आओ हम, सम्मान करें, इस प्यार का, विश्वास का, पहचान का।
आओ हम, सृजन............

3. चाहत की इस मंजिल पर,
आसमां के तल पर,
चुनौतियों को स्वीकारें हम,
क्षमताओं को पहचाने हम,
आसमान को छू लो,
तुम ओ ज़मीं के तारों,
शिशु मन ये समझो,
क्रान्ति हो जाए बढ़ लो,

आओ हम, कल्याण करें, उल्लासों का, मुस्कानों का, इस बचपन का।
आओ हम, सृजन करें, इस जीवन का, आनंद का, नौनिहालों का।

Back

ECCE उड़ान

शिशु शिक्षा एवं देखभाल

(आँगनबाड़ी केन्द्रों की मॉनीटरिंग हेतु संदर्शिका)

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद
शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)

संरक्षण एवं मार्गदर्शन

सुधीर अग्रवाल (आई.एफ.एस.)
विशेष सचिव, स्कूल शिक्षा एवं छत्तीसगढ़ शासन
संचालक एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर

सचिव
महिला एवं बाल विकास विभाग
रायपुर

सहयोग

एन.पी. कौशिक
संयुक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर

शेषागिरी
शिक्षा अधिकारी
यूनीसेफ रायपुर

समन्वय

अनुपमा नलगुंडवार
प्रकोष्ठ प्रभारी/समन्वयक
एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर

सुनील मिश्रा
राज्य स्त्रोत व्यक्ति
एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर

लेखन एवं संपादन

श्रीमती मधुदानी, तारकेश्वर देवांगन, बेनीराम साहू, योगिता रानी साहू, चमन लाल साहू , शिवलाल पाण्डे, सुमीत गुप्ता, शीतल वर्मा, दिव्येश वानी, सुधांशु धर दीवान, देवेन्द्र तिवारी, बृजभूषण सोनी, भरत लाल वर्मा, सरिता सिंह(पर्यवेक्षक आई.सी.डी.एस.),लता टिक्कस(पर्यवेक्षक आई.सी.डी.एस.), गीता पैकरा(आं.बा. कार्यकर्ता), नीतू सोनी(आं. बा. कार्यकर्ता), अनुपमा नलगुंडवार, सुनील मिश्रा

डिजाईनिंग, लेआउट व टंकण
राजकुमार चन्द्राकर

प्राक्कथन

विगत वर्षों में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा शिशुओं, बच्चों के गुणात्मक विकास तथा शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के क्षमता विकास हेतु अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। एम.जी.एम.एल.(बहुकक्षा एवं बहु स्तरीय शिक्षण), बहुभाषा शिक्षण अतिप्रभावकारी लोगों की सात आदतें, जीवन विद्या, छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित पुस्तिकाओं का विकास, सामुदायिक सहभागिता, इंग्लिश लेंग्वेज लर्निंग क्लब (ELLC), राज्य एवं जिले की पाठ्यचर्या का विकास, ए.एल.एम.(Active Learning Method), आदि प्रमुख है। प्राथमिक शिक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए शिशु शिक्षा एवं देखभाल के अंतर्गत "**उड़ान**" पैकेज का निर्माण किया गया है। **उड़ान** में शिशुओं के लिए मनोरंजक एवं आनंददायी गतिविधियाँ हैं, ये गतिविधियाँ बच्चों को आँगनबाड़ी की ओर आकर्षित तो करती ही हैं, साथ ही शिशुओं के विकास को सुनिश्चित कर शाला पूर्व शिक्षा को आधार प्रदान करती है।

अतः परिषद् द्वारा थीम आधारित सामग्री का निर्माण, वितरण एवं आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न कर लिया गया है। आँगनबाड़ी केन्द्रों में सामग्री के उपयोग की प्रक्रिया प्रारंभिक स्थिति में है। वर्तमान में हमारी प्राथमिकता प्रक्रिया में तेजी निरंतरता लाना है इसके लिए सतत् मॉनीटरिंग और फीडबैक की आवश्यकता है।

इस हेतु परिषद् द्वारा मॉनीटरिंग कार्य के लिए यह संदर्शिका निर्मित की गई है। मॉनीटरिंग का उद्देश्य आँगनबाड़ी केन्द्रों में उड़ान कार्यक्रम का व्यवस्थित संचालन है तथा केन्द्रों में आने वाली समस्याओं/कमियों को पहचानना, विश्लेषण करना और उनका त्वरित निदान करना है। मॉनीटरिंग के लिए टूल भी विकसित किए गए है जिसमें चेक लिस्ट, मूल्यांकन पत्रक आदि हैं। मॉनीटरिंग का कार्य सुपरवाईजर्स, सी.ए.सी., बी.आर.जी., बी.ए.सी, बी.आर.सी., बी.ई.ओ. , सी.डी.पी.ओ. सभी करेंगे। उचित मॉनीटरिंग से सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न कर कार्यकर्ताओं को सशक्त किया जा सकता है।

मॉनीटरिंग के लिए एक सूचना तंत्र बनाया गया है। जिसमें सूचनाओं का निरंतर प्रवाह आँगनबाड़ी केन्द्रों से राज्य तक और राज्य से आँगनबाड़ी केन्द्रों तक होता रहेगा। राज्य स्तर पर एजूसेट के माध्यम से सेक्टर और जिलों स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा उपलब्धियों एवं कमियों पर चर्चा होगी। कमियों को यथाशीघ्र दूर किया जाएगा।

मॉनीटरिंग, शिशु शिक्षा एवं देखभाल की पूरी प्रक्रिया को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है, इससे प्रक्रिया में तेजी आयेगी। मुझे विश्वास है कि यह संदर्शिका निश्चित रूप से मॉनीटरिंग हेतु नई दिशा प्रदान करने में सक्षम होगी।

शिशु शिक्षा एवं देखभाल की समस्त गतिविधियों में सतत सहयोग के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा यूनीसेफ के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ। मॉनीटरिंग की योजना एवं संदर्शिका विकास से जुड़े व्यक्तियो की भूमिका एवं सहयोग निरंतर वांछनीय है। इससे शिशु शिक्षा एवं देखभाल कार्यक्रम निश्चित ही अपने उद्देश्य प्राप्ति में सफल होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

आपके सुझावों का सदैव स्वागत रहेगा।

संचालक

अनुक्रमणिका

			पृष्ठ क्रमांक
अध्याय 1 –			
	ई.सी.सी.ई की अवधारणा	–	1
	थीम	–	2
	थीम वेब	–	3
	आई.सी.डी.एस. विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ	–	4
अध्याय 2 –			
	प्रेरक गतिविधियाँ	–	5
	संज्ञानात्मक विकास	–	9
	व्यक्तिगत, सामाजिक एवं संवेगात्मक विकास	–	10
	शारीरिक विकास	–	11
	भाषायी विकास	–	12
	सृजनात्मक विकास	–	15
अध्याय 3 –			
	मॉनीटरिंग की अवधारणा	–	16
	मॉनीटरिंग क्यों ?	–	17
अध्याय 4 –			
	आँगनबाड़ी की मॉनीटरिंग कैसे ?	–	19
	मॉनीटरिंग के तरीके	–	19
	आँगनबाड़ी केन्द्रों के विकास हेतु इकाईयों की भूमिका	–	20
	सहायिका की भूमिका	–	20
	कार्यकर्ता की भूमिका	–	20
	साप्ताहिक कार्य	–	21
	मासिक कार्य	–	21
	पर्यवेक्षक की भूमिका	–	21
	बी.आर.जी. की भूमिका	–	22
	सी.ए.सी. की भूमिका	–	23
	सी.डी.पी.ओं. की भूमिका	–	24
	बी.ई.ओ./बी.आर.सी. की भूमिका	–	24
	डी.ई.ओ./डी.पीसी./डाइट प्राचार्य की भूमिका	–	25
	आई.सी.डी.एस./एस.सी.ई.आर.टी. की भूमिका	–	26
अध्याय 5 –			
	कार्यकर्ता का स्वमूल्यांकन प्रपत्र	–	27
	भौतिक संसाधन की जानकारी	–	29

	प्रक्रिया एवं सेवाएँ	–	31
	बच्चों की कउपलब्धियाँ	–	33
अध्याय 6 –			
	सामान्य चेक लिस्ट	–	35
	अनौपचारिक शिक्षा–आँगनबाड़ी केन्द्र का प्रपत्र	–	37
	संकुल, सेक्टर स्तरीय रिपोर्ट प्रपत्र	–	38
	विकासखंड स्तरीय रिपोर्ट प्रपत्र	–	40
	जिला स्तरीय रिपोर्ट प्रपत्र	–	42
	मूल्यांकन प्रपत्र – संज्ञानात्मक विकास हेतु	–	45
	शारीरिक विकास हेतु	–	46
	भाषायी विकास हेतु	–	47
	सृजनात्क विकास हेतु	–	48
	समीक्षा बैठक	–	50
	कार्यकर्ता का स्वमूल्यांकन	–	51
	आँगनबाड़ी केन्द्रों में समुदाय के साथ गतिविधियाँ	–	53
	उड़ान/थीम यात्रा	–	54
बालगीत –	चहक	–	56

अध्याय 1

ECCE की अवधारणा

बच्चों के जीवन का आधार पाँच साल में बन जाता है। वह उसी आधार के अनुरूप अपना जीवन चलाता है। विभिन्न शोधों से ज्ञात होता है कि गर्भावस्था से तीन वर्ष की आयु तक बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत हिस्सा विकसित हो जाता है। मस्तिष्क का उचित उपयोग होने पर ज्ञान तन्तु (न्यूरान्स)विकसित होते हैं और सक्रिय रहते हैं, अन्यथा ज्ञान तन्तु निष्क्रिय होकर टूटते जाते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे मकान बनाने के पहले नींव बनाई जाती है। नींव मजबूत होगी तो मकान अच्छा होगा अर्थात् शैशवावस्था बच्चों के जीवन के लिए महत्वपूर्ण होती है। बच्चों को अच्छा बनाना है तो उनके प्रारंभिक पाँच वर्षों में सीखने का समुचित अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। शिशु शिक्षा संपूर्ण जीवन की नींव होती है।

शिशु शिक्षा एवं देखभाल क्या है ? आइये देखें –

A देखभाल – शिशु के शरीर का सही पोषण करना, शरीर को स्वस्थ रखना, शरीर की वृद्धि पर निरन्तर निगरानी रखना एवं स्वास्थ्य की जाँच करना ही देखभाल है। आँगनबाड़ी कार्यकर्ता का दायित्व है कि शिशु में होने वाले विकास की वैज्ञानिक विधि से देखभाल करें। देखभाल का तात्पर्य पोषण के साथ शिशु के शारीरिक वृद्धि एवं संवेगात्मक विकास से है। देखभाल के अंतर्गत निम्नलिखित क्षेत्र हैं :–

1. पूरक पोषण आहार
2. टीकाकरण
3. स्वास्थ्य जाँच
4. संदर्भ सेवा
5. वृद्धि निगरानी, प्रोत्साहन एवं स्वास्थ्य पोषण

B शिशु शिक्षा – वास्तव में शिशु जब माँ के गर्भ में होता है। तभी से उसके ज्ञान तन्तुओं को सक्रिय रखने हेतु शारीरिक कसरत के साथ–साथ मानसिक कसरत की भी आवश्यकता होती है। अतः हम कह सकते हैं कि शिशुओं की शिक्षा यही से प्रारंभ हो जाती है। (तीन वर्ष की आयु तक) शिशुओं के मस्तिष्क का विकास लगभग 85 प्रतिशत हो जाता है। अतः शिशु शिक्षा, गर्भ से प्रारंभ हो जानी चाहिए, जिससे शिशुओं का बौद्धिक विकास उचित एवं सही दिशा में हो सके। शिक्षा के अभाव में शिशुओं के मस्तिष्क के ज्ञान तन्तु निष्क्रिय हो जाते हैं। जिसमें वे अपनी मानसिक क्षमताओं का पूर्ण प्रदर्शन नहीं कर पाते। अतः आँगनबाड़ी केन्द्रों में शिशु शिक्षा की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। इसी उद्देश्य से शाला पूर्व शिक्षा को छठवीं सेवा के रूप से जोड़ा गया है। शिशुओं की मूलप्रवृत्ति खेलने की होती है। अतः शिशु शिक्षा के लिए अत्यन्त आकर्षक कार्ड बनाए गए हैं। बच्चे इन कार्डों के

माध्यम से खेल–खेल में सीखेंगे। ये कार्ड उनके मस्तिष्क की क्षमता को विकसित करने में अत्यन्त सहायक हैं। शिशु शिक्षा को शिशु में होने वाले विकास के आधार पर निम्नलिखित पाँच क्षेत्रों मे बाँटा गया है:–

1. संज्ञानात्मक विकास
2. व्यक्तिगत, सामाजिक एवं संवेगात्मक विकास
3. शारीरिक विकास
4. भाषायी विकास
5. सृजनात्मक विकास

थीम – थीम का तात्पर्य विषय से है, परिवेश के विभिन्न विषयों को वैज्ञानिक तरीके से शिशु शिक्षा से जोड़ा गया है। इसके अंतर्गत पाँचों विकास की गतिविधियों के लिए 50 थीम निर्धारित हैं –

1. हमारा परिवार	2. हमारा घर
3. मेरा गाँव	4. आँगनबाड़ी
5. बाजार	6. हमारा शरीर
7. साफ–सफाई	8. दिनचर्या
9. खेल	10. समय
11. जंगली जानवर	12. पालतू जानवर
13. जीव–जंतु	14. कीड़े–मकोड़े
15. पक्षी	16. उपकरण
17. संचार के साधन	18. धातु
19. यातायात के साधन	20. सुरक्षा
21. अस्पताल	22. दैनिक उपयोग की वस्तुएं
23. सर्कस	24. हमारे मददगार
25. शाला	26. बागवानी
27. पेड़–पौधे	28. फूल
29. फल	30. रंग
31. रसोई	32. भोजन
33. सब्जी	34. आग
35. जंगल	36. नदी

37. पहाड़	38. धरती	39. आकाश
40. हवा	41. पानी	42. कपड़े
43. परिवेश	44. ऋतुएं	45. मेला–मड़ई
46. त्यौहार	47. हमारी लोक कलाएं	48. हमारी वेशभूषा
49. खिलौना	50. पर्यावरण संरक्षण	

थीम वेब – थीम वेब का तात्पर्य है विषयों का जाल। 50 थीम्स को उनकी एकरूपता के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। लगभग समान थीम्स को मिलाकर थीम वेब बनाया गया है। इस प्रकार कुल 10 थीम वेब निर्मित किए गए है –

1. हमारा परिवार 2. हमारा घर 3. मेरा गाँव 4. आँगनबाड़ी 5. बाज़ार	6. हमारा शरीर 7. साफ–सफाई 8. दिनचर्या 9. खेल 10. समय
11. जंगली जानवर 12. पालतू जानवर 13. जीव–जंतु 14. कीड़े–मकोड़े 15. पक्षी	16. उपकरण 17. संचार के साधन 18. धातु 19. यातायात के साधन 20. सुरक्षा
21. अस्पताल 22. दैनिक उपयोग की वस्तुएँ 23. सर्कस 24. हमारे मददगार 25. शाला	26. बागवानी 27. पेड़–पौधे 28. फूल 29. फल 30. रंग
31. रसोई 32. भोजन 33. सब्जी 34. आग	35. जंगल 36. नदी 37. पहाड़ 38. धरती 39. आकाश
40. हवा 41. पानी 42. कपड़े 43. परिवेश 44. ऋतुएँ	45. मेला–मड़ई 46. त्यौहार 47. हमारी लोककलाएँ 48. हमारी वेशभूषा 49. खिलौना 50. पर्यावरण संरक्षण

विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ

सेवाएँ – 1. पूरक पोषण आहार
2. टीकाकरण
3. स्वास्थ्य जाँच
4. संदर्भ सेवा
5. वृद्धि निगरानी, प्रोत्साहन एवं स्वास्थ्य पोषण
6. शाला पूर्व शिक्षा

1. **पूरक पोषण आहार** – इनके अंतर्गत बच्चों को नाश्ता, चना, मुर्रा, मूंगफली, गुड़, दाल–भाल और टी. एच. आर. के अंतर्गत रेडी टू इट दिया जाता है।

2. **टीकाकरण** – गर्भवती माता एवं बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण किया जाता है।
3. **स्वास्थ्य जाँच** – गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं/बच्चों, किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य जाँच किया जाता है।
4. **संदर्भ सेवा** – इसके अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों को संदर्भ सेवा दी जाती है।
5. **वृद्धि निगरानी, प्रोत्साहन एवं स्वास्थ्य पोषण** – जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन लेकर उनको सलाह दी जाती है।
6. **शाला पूर्व शिक्षा** – 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा दी जाती है।

विभिन्न योजनाएँ

1. **दत्तक पुत्री योजना** – पहली से पाँचवी तक के बालिकाओं को 400 रु. शिक्षण सामग्री हेत दत्तक लेने वाले पालकों द्वारा प्रदान किया जाता है।
2. **आयुष्मति योजना** – 18 वर्ष तक की महिलाएँ जो गंभीर रूप से पीडित्रत है उन्हें जिला स्तर पर चिकित्सिकीय सुविधा दी जाती है।
3. **मुख्यामंत्री कन्यादान योजना** – 18 वर्ष से ज्यादा उम्र की और गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले बालिकाओं का विवाह किया जाता है।
4. **बाल संदर्भ योजना** – गंभीर कुपोषित बच्चों को मुफ्त चिकित्सकीय सेवाएँ दी जाती हैं।
5. **छत्तीसगढ़ महिला कोष** – स्व–सहायता समूहों को आर्थिक सहायता दी जाती है।

अध्याय 2

प्रेरक गतिविधियाँ

जन्म से छः माह के शिशु के लिए

शारीरिक विकास	भाषा विकास	व्यक्तिगत व सामाजिक विकास हेतु	बौद्धिक विकास हेतु
• ताली बजायें, झुनझुना दे, झुनझुना अलग–अलग दिशाओं में ले जायें। • कपड़े के खिलौने दें। रंगीन वस्तु या बजने वाला खिलौना दें। • अपनी ऊंगली पकड़ने दें। • होठ या ठोड़ी हिलायें, हँसाएं। • पेट के बल लुढ़काने के लिए बतायें। • मालिश के समय हाथ–पैरों की कसरत करायें।	• गोद में लेकर बात करें, ध्वनि निकालने के लिए उकसाएं। • कपड़े पहनाते समय गीत, लोरी गीत गायें। • काम करते समय भी बात करें। • आसपास की वस्तुओं के नाम बतायें। • शिशुओं के साथ स्वयं बा–बा–बा, न–ना–ना–ना, च–चा–चा आदि दोहरायें।	• स्नेह करें। • गोद में लेकर थप–थपायें। • ध्वनि, ताल के साथ शिशु को हिलायें ,झुलायें। • स्तनपान के दौरान शिशु से बात करें। • पीठ व सिर को सहलायें। • परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहने के अवसर दें। • शिशु को घुमाने ले जायें।	• पालने में रंगीन चीजे लटकायें व खेलने दें। • पालने को सभी कमरों में रखते रहें व आंगन में भी रखें। • शिशुओं को मुलायम खिलौने खेलने पकड़ने दें। • शिशु को आसपास की चीजों के बारे में बतायें।

''आज से 100 साल बाद इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि आप कौन सी कार चलाते थे, कैसे मकान में रहते थे, आपका बैंक बैलेंस कितना था, आपके कपड़े कैसे दिखते थे........ लेकिन अगर आप एक बच्चे की जिंदगी में महत्वपूर्ण बन जाते है तो दुनिया शायद बेहतर बन सकती है।''

मार्ग्रेट फ्रिशबैक पावर्स

प्रेरक गतिविधियाँ

छः से बारह माह के शिशु के लिए

शारीरिक विकास	भाषा विकास	व्यक्तिगत व सामाजिक विकास हेतु	बौद्धिक विकास हेतु
• शिशुओं को गोद में बैठायें। • वस्तु उठाने दें। • हाथ में खाने की वस्तुएं भी दें। • शिशु को बिठाकर पानी,रस, दाल का पानी आदि दें। • पेट के बल लिटाकर, दिखाकर, खिसकाते जाएं। • लुढ़कने वाले खिलौने दें। • तालियाँ बजाये, टाटा, बुलाने आदि के लिए इशारा करें। • पैरों पर झुलायें खड़े करके भी झुलायें ,गायें। • सहारे से खड़े करायें। • अपने पैरो पर खड़े होने के लिए प्रेरित करें। • हाथ पकड़कर चलना सिखायें।	• दैनिक क्रियाओं के समय गीत सुनायें। • काम के समय भी उससे बातें करें। • शिशु से दादा, मामा, नाना, बाबा आदि बुलवाये। • घर के सदस्यों के नाम बतायें। • शिशु के हाथ की ऊंगलियाँ गिनें व गिनते–गिनते गुदगुदायें। • पैरों पर लिटायें ,झुलाते हुये गीत गायें।	• शिशु को गोद में लेकर लिपटायें। • खिलाते समय छोटी कहानी सुनायें। • गीत सुनायें व शिशु को हिलायें–डुलायें • घर के आस–पास के लोगों के रिश्ते के नाम बतायें। • घुमाने ले जाए घुमाते समय भी बात करें। • शौच व शु–शु कराते समय आवाज निकाल कर, बताकर, पूछकर ले जाएं।	• अई–ता(लुका–छिपी) का खेल खेलें। • बहुत सारे खिलौने खेलने दें। • कटोरी, चम्मच बजाने दें। • कुत्ता, बिल्ली, चिड़ियाँ की आवाज़ें बतायें। • चंदा मामा, तारे ,सूरज दिखायें।

''सहज वात्सल्य में अमृत दृष्टि का विकास होता है, अभिभावक की आँख में अमृत दृष्टि होनी चाहिए।''
गिजू भाई

प्रेरक गतिविधियाँ

एक से दो वर्ष शिशुओं के लिए

शारीरिक विकास	भाषा विकास	व्यक्तिगत व सामाजिक विकास हेतु	बौद्धिक विकास हेतु
• शिशु को पलंग आदि के सहारे खड़े करें। • हाथ पकड़कर चलने हेतु प्रेरित करें। • स्टूल, कुर्सी, टेबल, पाटा आदि ढकेलने दें। • शिशु को सुंदर व आकर्षक खिलौने दिखाकर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। • चक्के वाले खिलौने खींचने ,चलाने दें। • सीढ़ियों पर चढ़ने दें या कम ऊँची जगह पर चढ़ने, कूदने दें। • कूदने में शिशु की मदद करें व गिनती बोले ताली बजाकर प्रेरित करें। • खाट, पलंग, कुर्सी, मेज आदि के नीचे से आर–पार निकलने दें। • शीशी, डिब्बी आदि प्लास्टिक के पेंचदार वस्तुएं खोलने दें। • खाली डिब्बे देखने व रखने दें। • खाली डिब्बे, माचिस, ढक्कन, रेत व मिट्टी से खेलने दें। • अपने हाथ से, चम्मच से खाने दें। • दोनों हाथों से दूध, पानी आदि पीने दें।	• शरीर के अंगों के नाम बतायें व पूछें। • छोटे गीत सुनायें व अभिनय करवायें। • जानवरों, पक्षियों के चित्र दिखायें व पूछें। • फल–सब्जियों के नाम बतायें व पूछें। • टी.वी. देखने दें ,शिशु से बातचीत करें व बोलने के लिए प्रेरित करें। • अटकन–बटकन का खेल खिलायें। • नकल करने हेतु कहें।	• घर व आसपास के परिचितों से नमस्ते कराना बतायें। • भगवान को, बड़ों को, झुककर प्रणाम करवायें। • सभी के साथ खेलने दें। • स्वयं खाने–पीने दें। • बगीचे में घुमाने ले जाएं। • बाजार ले जाएं एवं वहाँ की वस्तुएं दिखायें। • छोटे–छोटे काम जैसे कटोरी उठाने आदि को कहें। • पकड़ना, रखना आदि करने के लिए प्रोत्साहित करें। • शौच व शू–शू जाने की आदत डालें। • स्वयं नहाने दें।	• अंगुली पकड़ने व छिपाने का खेल खिलायें। • रेत, फूल, पत्ती,बीज आदि खेलने दें। • शिशु को पानी फेकने, फैलाने दें, पानी में हाथ हिलाने दें। • ताले में चाबी डालने दें। • नल खोलने व बंद करने दें। • गीत सुनाये तथा अलग–अलग अवाज़ें टन–टन, ट्रिन–ट्रिन, पो–पो, छुक–छुक आदि बतायें। • लकड़ी के गुटके, माचिस आदि से खेलने दें। • टोकनी में सभी खिलौने रखने, उठाने, खेलने दें।

प्रेरक गतिविधियाँ

2–3 वर्ष के आयु समूह के लिए

शारीरिक विकास	भाषा विकास	व्यक्तिगत व सामाजिक विकास हेतु	बौद्धिक विकास हेतु
• सीढ़िया चढ़ने उतरने में सहायता करें व चढ़ने उतरने दें। • जमीन पर, टब के पानी पर छपछप करने दें। • फर्श की लाइन पर, क्यारी पर, मेंढ़ पर चलने दें। • गेंद को पैर से ठोकर मारने दें। • कूदने के लिये प्रेरित करें। • दौड़ने दें, दौड़ने–पकड़ने का खेल खेलने दें। • तिपहिये वाली साइकिल, गाड़ी बनाकर चलाने दें। डिब्बों से • संगीत, गीत की धुन पर थिरकने को कहे। • लकड़ी से रेत, मिट्टी पर लकीरे खींचने दें। • गत्ते के छेद में धागा डालने व निकालने दें।	• शिशुओं को नहलाते, कपड़े पहनाते, भोजन कराते समय शरीर के अंगों के नाम पूछें व अंगों के गीत सुनायें। • कहानियाँ सुनायें, छोटे–छोटे गीत सुनायें व दोहराने को कहें। • चुटकी बजाने का खेल खिलायें। • अपने पैरो पर झुलाये व गीत गायें जैसे–अटकन–बटकन। • शिशु की पसंद पूछकर खाने व खिलौने आदि दें। • शिशु जब बात करता है तब ध्यान देकर सुने। • चित्रों वाली किताब दिखाये व चित्रों के संबंध में पूछें व बतायें। • सही शब्द बोलने के लिये प्रेरित करें।	• शौचालय का उपयोग करना सिखायें। • हाथ पैर धोना सिखाये। • अपने हाथों से भोजन करने दें। • अन्य बच्चों के साथ खेलने दे, बातें करने दें, । वस्तुएं, खिलौने आदि निर्धारित स्थान से उठाये व रखने की आदत डाले। • नदी,तालाब, बगीचा, चिड़िया घर, मेला आदि घुमाने ले जायें। • शिशु के गुस्सा होने पर उसे शांत जगह में ले जाए व उसका ध्यान दूसरी तरफ बटाएं।	• लुका छिपी खेलने दें। • माचिस डिब्बी आदि से घर, गाड़ी बनाने को कहें व सहयोग करें। • फलों के स्वाद जैसा–खट्टा–मीठा आदि पूछे व बतायें। • पक्षियों की आवाज व चाल बतायें। • घर की व आसपास की सभी वस्तुओं के बारे में बताये व पूछें। • आकृति व रंग के आधार पर वस्तुएं छांटने दें। रंगों को बतायें। • आड़ी–तिरछी रेखाएं खींचवायें।

पाठ्यक्रम 3–6 वर्ष

1. संज्ञानात्मक विकास

देखकर पहचानना :–

कम उम्र वाले बच्चे हेतु	अधिक उम्र वाले बच्चे हेतु
• सामान्य वस्तुओं को पहचानना।	• विशिष्ट वस्तुओं को पहचानना।
• अवलोकन करना।	• सूक्ष्म अवलोकन करना।
• संख्या पूर्व अवधारणा विकसित करना। जैसे – कम–ज्यादा, हल्का–भारी, छोटा–बड़ा, ऊपर–नीचे, अंदर–बाहर, लंबा–नाटा, मोटा–पतला, चौड़ा–सकरा, दूर–पास।	• संख्या की अवधारणा विकसित करना।
• आकार पहचानना। जैसे – गोल, तिकोन, चौकोन	• आकार, क्रमीकरण समझ सकना।
• रंगों का मिलान करना।	• मूल रंग लाल, पीला,नीला, काला, सफेद पहचानना।
• अंकों, चित्रों, वस्तुओं का मिलान करना।	• पैटर्न बनाना, जमाना।
• छांटना एवं अंतर करना।	• वर्गीकरण करना।
• समानता बताना।	• क्रमबद्ध चिंतन।
	• क्रमिक सोच।
• वस्तुओं एवं घटनाओं को देखकर प्रश्न करना।	• तर्क विवेचन एवं समस्या समाधान।
• दृश्य विभेदीकरण। (चित्र)	• स्थान संबंधी अवधारणा।
	• तापमान संबंधी अवधारणा।
	• समय संबंधी अवधारणा।

सुनकर :–

• सामान्य एवं परिचित आवाज पहचानना व नकल करना।	• ध्वनि विभेदीकरण करना।
• विभिन्न आवाजों में अंतर कर पाना।	• प्रथम ध्वनि व अंतिम ध्वनि को पहचानना।

चखकर पहचानना :–

- चखकर मीठा कड़वा, तीखा, नमकीन पहचानना।
- वस्तुओं को स्वादानुसार वर्गीकृत करना।

सूँघकर पहचानना :–

- फूल, अगरबत्ती, जली हुई वस्तुओं की गंध, खाद्य पदार्थ की गंध पहचानना।
- वस्तुओं की सुगंध पहचान कर नाम बताना।

छूकर पहचानना :–

- स्पर्श करके कड़ा–मुलायम, गीला–सूखा, ठंडा–गरम पहचान कर नाम बताना व तुलना करना।
- बिना स्पर्श के मुलायम खुरदुरा–चिकना ,गीला–सूखा, ठंडा–गरम वस्तुओं के नाम बता पाना।

2. व्यक्तिगत,सामाजिक एवं संवेगात्मक विकास

कम उम्र वाले बच्चे हेतु

- व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सफाई।
- बैठने के स्थान को साफ रखना।
- स्वच्छता संबंधी आदतें विकसित करना।
- भोजन की सही आदत।
- खाने से पहले हाथ धोना।
- शौच की सही आदत।
- खेलने के बाद सामानों को व्यवस्थित रखना।
- आत्मविश्वास विकसित करना।
- अपने साथियों के साथ मिल जुलकर आंगन बाड़ी आना।
- अपने साथियों के साथ मिल जुलकर खेलना।

अधिक उम्र वाले बच्चे हेतु

- अपने आस–पास के वातावरण को साफ रखने में सहभागिता देना।
- अपने पहनने के कपड़े तह करके रखना।
- संपर्क में आने वाली सामग्रियों को व्यवस्थित करना।
- आत्मविश्वासी होना।
- सर्वधर्म समभाव की भावना विकसित करना।
- प्रेम, सहयोग, सद्भाव भाईचारा आपसी समझ एक दूसरे के हित आदि भावना का अनुकरण करना।

- सरल, घरेलू कार्यों में मदद करना।
- अपने से बड़ों के आदेशों का पालन करना।
- अपने से बड़ों को आदर करना।
- अच्छी आदतें सिखाना एवं अनुकरण करना।
- अपने मित्रों के नाम जानना।
- व्यक्तिगत कार्य के अवसर प्राप्त करना।
- खेलते समय खेल के नियमों का पालन करना।
- बिना पूछे दूसरों की सामग्रियों को न लेना।
- बाहर जाने के पहले अनुमति लेने की आदत डालना।

- दूसरों की सहायता करना।
- पशु–पक्षियों से प्रेम एवं प्रकृति से प्रेम का व्यवहार करना।
- अपने साथियों के जन्मदिन पर बधाई देने की आदतें विकसित करना।
- अपनी बारी की प्रतीक्षा करना।
- दूसरों की वस्तुओं को नुकसान न पहुँचाना।
- स्वअनुशासन की भावना विकसित करना।
- पानी का सदुपयोग करना।
- सामूहिक कार्यों का विकास करना।
- दूसरे बच्चे के लड़ाई झगड़ा को शांत कराना।
- रोते बच्चों को शांत कराना।
- जिद् अथवा चिड़चिड़ाहट पर नियंत्रण करना।
- डर, भय, क्रोध जैसे मनोभाव पर नियंत्रण करना।
- हार जाने पर उदास न होना।



3. शारीरिक विकास

बड़ी मांस पेशियों में संतुलन

कम उम्र वाले बच्चे हेतु

- सीधे चलना
- पंजे के बल चलना।
- हाथ में वस्तु रखकर संतुलन बनाकर चलना।
- स्वयं कूदना

5. पकड़ना

अधिक उम्र वाले बच्चे हेतु

- दायें–बायें चलना
- ताल के साथ कदम मिलाकर चलना
- सिर–गर्दन में संतुलन बनाकर चलना।
- एक पैर से कूदना।
- उछालकर पकड़ना

- उछालना
- लुढ़काना
- सीधी दौड़
- लम्बी कूद
- मेढ़क दौड़
- फेंकना
- झूला झूलना, फिसलना
- रेंगना– खिसकना
- चढ़ना– उतरना

- रस्सी कूदना
- टप्पे देकर पकड़ना
- बाधा दौड़
- ऊँचीकूद
- तैरना
- पेड़ पर चढ़ना–उतरना
- रस्सी की जाली पर चढ़ना

छोटी मांस पेशियों का विकास

- कागज फाड़ना
- मटर, फल्ली छीलना
- चेन, बटन लगाना
- रूमाल तह करना
- एक बर्तन से दूसरे बर्तन में पानी डालना
  (छोटे मुँह वाले बर्तन से बड़े मुँह वाले बर्तन में पानी डालना)
- पिरोना
  (बड़े छेद से धागे पिरोना।)
- ताली–चुटकी बजाना।

- कागज को सीधे रेखा में फाड़ना।
- कागज को वर्गाकार, चौकोर आकृति में काटना व मोड़ना।
- जूते का लेस खोलना व बाँधना, लगाना।
- शर्ट पेंट तह करना।
- एक बर्तन से दुसरे बर्तन में पानी डालना।
  (छोटे मुँह वाले बर्तन से छोटे मुँह वाले बर्तन में पानी डालना)
- छोटे छेद से धागे पिरोना।
- लय के साथ ताली व चुटकी बजाना।

4. भाषायी विकास

सुनना

कम उम्र वाले बच्चे हेतु

- पास की आवाज सुनना।

अधिक उम्र वाले बच्चे हेतु

- विभिन्न प्रकार की आवाज सुनकर समझना।

- दूर की आवाज सुनना।
- धीमी व तेज आवाज को पहचानना।
- बड़बड़ गीत सुनना।
- लोरी गीत सुनना।
- अभिनय गीत सुनना।
- छोटी–छोटी कहानी सुनना।
- चित्र कहानी सुनना।
- सरल व छोटे निर्देशों को सुनना।
- सरल निर्देशों को सुनकर समझना।
- एक साथ दो निर्देशों को सुनकर समझना।
- वार्तालाप को सुनकर समझना।

- अभिनय व बालगीत सुनकर समझना।
- छोटी–छोटी कहानियां सुनकर समझना।
- छोटी परंतु वर्णनात्मक कहानी सुनकर समझना।
- निर्देशों को क्रमबद्ध ढंग से सुनकर समझना।
- परिवेशीय पहेली को सुनकर समझना।

बोलना

- स्वतंत्र वार्तालाप करना।
- अपने बारे में बताना।
- अपनी आवश्यकता की पूर्ति हेतु आग्रह करना।
- छोटी बातों को सुनकर दोहराना।
- छोटे वाक्यों को सुनकर दोहराना।
- कहानी सुनाना व गढ़ना।
- कहानी से संबंधित प्रश्न पूछना।
- पशु पक्षियों की आवाज की नकल करना।
- परिवार के बारे में बताना।

- स्वतंत्र वार्तालाप करना।
- आसपास के बारे में बताना।
- अपनी बात कह सकना।
- संवाद बोलना।
- किसी वस्तु पर 4–5 वाक्य बोल पाना।
- कहानी बताना एवं सुनी हुई कहानी को दोहराना।
- कहानी से संबंधित प्रश्न पूछना।
- अभिनय के साथ बोलना।

- परिवेशीय वस्तुओं के नाम बताना।
- चित्रों पर अपने विचार व्यक्त करना।
- तुकबंदी वाले शब्द बोलना।
- परिवेशीय वस्तु के बारे में बताना।
- चित्रों पर अपने विचार व्यक्त करना।
- देखी हुई घटना का वर्णन करना।

पढ़ना (पढ़ने की पूर्व तैयारी)

- चित्रों को पढ़ना
- वस्तुओं को देखकर बोलना।
- चित्रों को देखकर कहानी सुनाना।
- आकृतियों में अंतर पहचानना।
- चित्रों में अंतर करना।
- परिवेशीय चित्रों के बीच संबंध स्थापित करना।
- क्रियाओं को देखकर व्यक्त करना।
- समूह से भिन्न वस्तुओं को अलग करना।
- चित्रों को देखकर दो वाक्य बोलना।
- 6–10 वर्ण स्वतंत्र रूप से पहचानना।
- चित्रों को देखकर नाम बताना।
- चित्रों वस्तुओं में संबंध ढूँढ़ना।
- दृश्य विभेदीकरण।
- चित्रों/वस्तुओं में समानता बता पाना।
- वातावरण घटना अवसर को पहचान पाना।
- व्यक्ति की पोशाक देखकर वह कौन है बता पाना।
- चित्रों में कमी ढूँढ़ना
- चित्र और शब्द में संबंध ढूँढ़ना।
- चित्रों को देखकर तीन वाक्य बोल पाना।
- 10–30 वर्ण पहचानना।
- चित्र के माध्यम से शब्दों को पहचानना।
- शब्दों का निर्माण करना।
- शब्दों के प्रथम वर्ण को पहचानना।
- 2–3 मात्राओं को पहचानना।
- रेतीय स्वर व्यंजन पढ़ना।

लिखना (लिखने की पूर्व तैयारी)

- कंकड़, बीज को बनी हुई आकृति में जमाना।
- आड़ी/तिरछी रेखा खींचना।
- बिन्दुओं को जोड़कर आकृति बनाना।
- चुटकी से आकृति/अक्षर पर रंगोली

डालना।

- रेत, हवा, पानी में उंगली फिराना।
- चित्रों में उंगली फिराना।
- रेतीय अक्षर पर उंगली फिराना।
- गोल आकृति बनाना।
- कागज फाड़ना व मोड़ना
- कटी भिन्डी/आलू से ठप्पा लगाकर आकृति बनाना।
- हाथ के पंजे की छाप बनाना।
- भौमितिक आकृतियों से चित्र बनाना।
- आकृतियों को जोड़कर नई आकृति बनाना।
- ट्रेस करना।

- कलम को सही ढंग से पकड़ना
- स्वतंत्र आकृति बनाना।
- रंग/रेत भरना
- कट आउट से चित्र बनाना।
- कहानी के माध्यम से चित्र बनाना।
- अधूरे चित्रों को पूरा करना।

5. सृजनात्मक विकास

कम उम्र वाले बच्चे हेतु

- पंजों से छापना।
- भिंडी/आलू से ठप्पा लगाना।
- कागज फाड़ना व मोड़ना
- माला बनाना (मोती, फूल, पत्ती आदि)
- पत्तियों से तोरण, दोना, पत्तल बनाना।
- झंडी बनाना।
- ट्रेस करना।
- गीली मिट्टी से गोलियाँ बनाना।
- रेत से आकृति बनाना।
- सरल रेखा से आकृति बनाना।
- कागज मोड़कर आकृति बनाना।
- चित्रों में रंग भरना।
- पत्तियों से चित्र बनाना।
- स्प्रे वर्क करना।
- थ्रेड वर्क करना।

अधिक उम्र वाले बच्चे हेतु

- अंगूठे के छाप से आकृति बनाना।
- मिट्टी से खिलौना बनाना।
- ग्रीटिंग कार्ड बनाना।
- मुखौटों को ट्रेस करना।
- मिट्टी के गोलिया को रंगना।
- बिन्दु मिलाकर आकृति बनाना।
- अधूरे चित्रों को पूरा करना।
- विभिन्न आकृतियों के चित्र बनाना।
- चित्रों के अनुरूप रंग भरना।
- चित्रों को देखकर कहानी का सृजन करना।
- कोलाज वर्क करना।

अध्याय 3

मॉनीटरिंग की अवधारणा

परिभाषा –

1. ''किसी भी कार्य या अभियान का परिणाम प्राप्त करने के लिए कई चरणों से गुजरने की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखना और लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना मॉनीटरिंग है।''

2. ''लक्ष्य को पाने के लिए प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखना, उपलब्धियों को बढ़ाना तथा कमियों को सकारात्मक ढंग से दूर करना। लोगों में कार्य के प्रति ऊर्जा और उत्साहवर्धन ही अवलोकन है।

3. ''किसी लक्ष्य को पाने के लिए निरन्तर प्रयास करना, उपलब्धियों को बढ़ाना, प्रोत्साहित करना, परिणामों का मापन करना एवं प्राप्त सूचना के आधार पर आगामी कार्यक्रम को निर्धारित करना मॉनीटरिंग है।

4. निश्चित मापदण्डों और एवं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था में सकारात्मक सुधार कर कार्यों में कुशलता लाना अवलोकन है।

5. लक्ष्य प्राप्ति के लिए हम कई चरणों से गुजरते हैं। हमारा ध्यान हमेशा लक्ष्य प्राप्ति पर होता है। इसके लिए हम कुछ मापदण्ड तैयार करते है और इन्ही मापदण्डों के आधार पर हम व्यवस्था में सकारात्मक सुधार लाते है।

मॉनीटरिंग का अर्थ यही होता है कि लोगों में कार्यक्षमता एवं कुशलता बढ़े। उनके अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो। उनकी उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहन मिले, उनकी कमियों को स्नेह पूर्वक समझाकर दूर किया जावें ताकि अवलोकनकर्ता एवं कार्यकर्ता ऊर्जावान बनें और तत्पर होकर लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर हो। हमेशा उत्साहित होकर अपने कार्य को समय सीमा में संपादित करें।

आंगनबाड़ी का अवलोकन किसके द्वारा ?

स्वयं | स्थानीय समुदाय, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत | अन्य विभागीय

सेक्टर स्तर	विकासखंड स्तर	जिला स्तर	राज्य स्तर पर
1. Suppervisor	1. C.D.P.O.	1. D.P.O.	1. सचिव
2. C.A.C.	2. C.E.O.	2. D.W. C.D.P.O.	2. संयु. सचिव
3. B.R.G.	3. B. Ed. O.	3. D.Ed.O.	3. संचालक
4. Principal	4. B.R.C.C.	4. D.P.C.	4. संयु. संचालक
	5. B.R.G.	5. D.R.G.	4. सहा. संचालक
			5. एस.आर.जी.

सूचना तंत्र



मॉनीटरिंग हमेशा प्रेरणात्मक हो, खुद को ऊँचा और दूसरों को नीचा बताने वाला न हो। मॉनीटरिंग उत्साहवर्धक हो, दोस्ताना हो तथा आवश्यकता को परक हो। जैसा हो रहा है वैसा ही देखना, पहचानना एवं विश्लेषण करना तथा उचित मार्गदर्शन करना तथा कमियों को त्वरित दूर करना अवलोकन है।

निरीक्षण, मॉनीटरिंग नहीं बल्कि फीडबैक लेने की प्रक्रिया है।

अवलोकन क्यों ?

प्रक्रिया को सतत जारी रखने, गति प्रदान करने एवं मार्गदर्शन के लिए अवलोकन आवश्यक है।

ई.सी.सी.ई. अवलोकन निम्न कारणों से आवश्यक है :–

1. वस्तु स्थिति की सही समझ के लिए।
2. कार्यकर्ता/सहायिका के मदद के लिए।
3. स्वयं/दूसरों के मूल्यांकन के लिए।
4. कमियों की पहचान कर निदान करने के लिए।
5. बच्चों में गुणवत्ता आकलन के लिए।
6. प्रक्रिया को सशक्त करने के लिए।
7. क्षमता विकास के लिए।
8. लक्ष्य को बेहतर तरीके से पाने के लिए।
9. पर्यवेक्षक/कार्यकर्ता/सी.ए.सी./सहायिका मे वस्तु स्थिति की पूर्ण समझ के लिए।
10. अनुभवों के आदान–प्रदान करने के लिए।
11. सूचनाओं का आदान–प्रदान कर कार्य करने के लिए।

12. नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए।

13. सभी स्तर पर विश्लेषण उपरांत विशेष कमियों का निदान के लिए।

14. विभाग के प्रत्येक स्तर पर सदस्यों की भूमिकाओं को सुनिश्चित करने के लिए।

अवलोकन के सुख अनंत होते हैं – इस्माइल्स

अध्याय 4

आँगनबाड़ी केन्द्र की मॉनीटरिंग कैसे ?

मॉनीटरिंग करने के लिए मॉनीटरिंगकर्ता को ई.सी.सी.ई. की समझ होना अति आवश्यक है। जिसमें विभिन्न पहलू जैसे– छः सेवायें –

1. पूरक पोषण आहार
2. टीकाकरण
3. स्वास्थ्य जाँच
4. संदर्भ सेवा
5. वृद्धि निगरानी, प्रोत्साहन एवं स्वास्थ्य पोषण
6. अनौपचारिक शिक्षा(3–6 वर्ष)

इन सभी के बारे में बारीकी से जानकारी हो। साथ ही प्रक्रिया की शुरूआत कक्षा सजावट एवं थीम के पाँचो क्षेत्रों की गतिविधियाँ सुनिश्वित करना आवश्यक है। साथ ही क्षमता विकास के तरीके और अच्छे पालकत्व की जानकारी हो। मॉनीटरिंगकर्ता में इन सभी योग्यताओं का होना जरूरी है। उसमे ऐसा कौशल हो कि वह वांछित जानकारी को प्राप्त कर सके।

मॉनीटरिंग करने के तरीके –

1. नियमित ढांचों से – सी. ए. सी., बी. आर. जी., सुपरवाईजर्स इन सभी के द्वारा चेक लिस्ट के माध्यम से।
2. बैठकों से सेक्टर, विकासखंड, जिला तथा राज्य स्तर पर एजूसेट की बैठकें।
3. भ्रमण और अवलोकन से।
4. अनौपचारिक – समुदाय के लोगों से आँगनबाड़ी की स्थिति के संबंध में चर्चा कर जानकारी प्राप्त करना।

मॉनीटरिग के उद्देश्य :–

1. सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों को बेहतर बनाने हेतु।
2. कमिया व समस्याओं को पहचानकर त्वरित निराकरण हेतु।

3. कार्यकर्ताओं के आवश्यकताओं को पहचानकर आवश्यकतानुसार अकादमिक पोषण हेतु।

4. प्रदेश के शत्–प्रतिशत शिशुओं में पाँचों विकास को गति प्रदान करने हेतु।

5. कार्यकर्ताओं के कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता को बढ़ाने हेतु।

आँगनबाड़ी केन्द्रों के विकास हेतु विभिन्न इकाईयों की भूमिका

1. सहायिका की भूमिका –

* बच्चों को एकत्रित करते हुए निर्धारित समय में आँगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित होना।
* आँगनबाड़ी केन्द्र को व्यवस्थित करना।
* बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता को देखना एवं पालको को सलाह देना।
* समय पर स्वच्छतापूर्वक पोषण आहार तैयार करना व खिलाना।
* दैनिक गतिविधियों में कार्यकर्ता का सहयोग करना।
* मंगल दिवस में कार्यकर्ता का पूर्ण सहयोग करना।
* अनौपचारिक शिक्षा के लिए स्थानीय वस्तुओं से सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण करना।
* आँगनबाड़ी केन्द्र को आकर्षक बनाने में सहयोग करना।
* सतत गृहभेंट के दौरान पालकों को उनकी भूमिका से अवगत कराना।
* कार्यकर्ता के अनुपस्थिति में केन्द्र का संचालन करना।
* सहायिका को बच्चों एवं पालकों के साथ मृदुभाषी एवं मित्रवत व्यवहार करना।

2. कार्यकर्ता की भूमिका –

* अपने आसपास के बच्चों को साथ लेते हुए निर्धारित समय में केन्द्र में उपस्थित होना।
* प्रार्थना पश्चात शिशुओं की व्यक्तिगत स्वच्छता की जाँच करना।
* केन्द्रो में समय सारणी, मूल्यांकन पत्रक, जन्मतिथि चार्ट, मौसम चार्ट, दिन–दिनांक–माह–वर्ष चार्ट निर्माण कर दीवार पर चस्पा करना, पॉकेट बोर्ड का निर्माण करना।

* केन्द्र को आकर्षक बनाए रखना।
* थीम कार्ड से रोचक गतिविधियाँ कराना।
* अभिलेखों का संधारण प्रतिदिन पूर्ण करना।
* गृहभेंट के दौरान पालकों से चर्चा करना एवं श्रेष्ठ पालकत्व के लिए प्रेरित करना।
* स्वसहायता समूह का गठन एवं उचित सलाह देना।
* थीम कार्डों का उचित रख रखाव करना।
* बच्चों एवं पालकों के साथ मित्रवत व्यवहार करना।

साप्ताहिक कार्य –

* मंगल दिवस(पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा) का आयोजन करना।
* सप्ताह में पूर्ण किये गये थीम का मूल्यांकन करना।

मासिक कार्य –

* गोदभराई, जन्मदिन, अन्नप्रासन, किशोरी दिवस, टीकाकरण, वजन कार्यक्रम का संचालन करना।
* मासिक बैठकों में उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना।
* प्रत्येक 3 माह में ग्राम का सर्वेक्षण करना।
* प्रतिमाह उड़ान यात्रा/ थीम यात्रा का आयोजन कर जन समुदाय में जागरूकता लाना।
* जन जागृति हेतु नारों का लेखन।

3. पर्यवेक्षक(सुपरवाईजर्स) की भूमिका –

* आँगनबाड़ी केन्द्रों का अवलोकन – भौतिक परिवेश, बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता, उपस्थिति, अभिलेखों की जाँच, समय सारणी के अनुसार गतिविधियाँ केन्द्र की समस्याओं पर चर्चा एवं निदान, जन सपंर्क तथा सर्वे का अवलोकन करना।
* सेक्टर में बैठक लेना।
* स्वसहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियो के लिए मार्गदर्शन देना।

* परियोजना के बैठकों में उपस्थित होकर जानकारी उपलब्ध कराना।

* थीम कार्डों के माध्यम से की जाने वाली गतिवधियों का अवलोकन करना तथा समीक्षा करना।

* ग्राम में जनस्वास्थ्य चेतना शिविर का आयोजन करके आँगनबाड़ी केन्द्रों की समस्याओं का निदान करना।

* आँगनबाड़ी केन्द्रों में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करना।

* पोषण आहार सप्ताह, खाद्यान्न दिवस, स्तनपान दिवस, शिशुओं का जन्म दिवस, बाल दिवस, गाँधी जयंती आदि कार्यक्रम का आयोजन करना।

* संकुल बैठक में उपस्थित होकर अपने सेक्टर की जानकारी एकत्र करके सी.डी.पी.ओ. एवं बी.आर.जी. को उपलब्ध कराना।

* कार्ड के गतिविधियों का अवलोकन करना –

1. वर्मतान सप्ताह के लिए थीम कौन सा है ?

2. प्रत्येक विकास पर प्रतिदिन कितने मिनट गतिविधयाँ कराई जा रही है ?

3. समीक्षा –

कौन–कौन से थीम पर कार्य हुआ है ?

कहाँ–कहाँ कड़िनाईयाँ आई ?

* थीम की गतिविधियों का मूल्यांकन।

* केन्द्रवार ग्रेडेशन करना।

4. बी. आर. जी. की भूमिका –

* आँगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका को आवश्यकतानुसार ई.सी.सी.ई. का प्रशिक्षण देना।

* आँगनबाड़ी केन्द्रों का अवलोकन –

1. कक्ष की साज सज्जा

2. मूल्यांकन पत्रक, जन्मतिथि चार्ट, समय सारणी चार्ट, मौसम चार्ट, थीम वेब चार्ट, दिन–दिनांक–माह–वर्ष चार्ट, उपस्थिति चार्ट का अवलोकन करना।

3. थीम कार्ड का रख–रखाव।

* कार्ड के माध्यम से हो रहे गतिविधियों का अवलोकन।
* अनौपचारिक शिक्षा का सतत आकलन।
* उपलब्धियों एवं कमियों को चिन्हांकन कर संभावनाओं की तलाश करना और उच्च स्तर तक सूचनाओं को प्रेषित करना।
* सहायक शिक्षण सामग्रियों का भरपूर प्रयोग हो रहा है या नहीं, अवलोकन करना।
* स्वयं, कार्डों का प्रयोग करते हुए कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण करना।
* बच्चों एवं कार्यकर्ता का मूल्यांकन।
* स्थानीय समस्याओं के निदान हेतु जन संपर्क करना।
* केन्द्रवार एवं संकुलवार ग्रेडेशन एकत्र करना।
* संकुल, सेक्टर और विकासखंड की समीक्षा बैठक में उपस्थित होकर जानकारी सी.डी.पी.ओ. एवं बी.आर.सी. को उपलब्ध कराना।

5. सी. ए. सी. की भूमिका –

